collegebatch.com

**Series RPQS1/1**

**Set-1**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **59/1/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# राजनीति विज्ञान

# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं । | (I) | Please check that this question paper contains **23** printed pages. |
| (II) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं । | (II) | Please check that this question paper contains **30** questions. |
| (III) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (III) | Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** | (IV) | **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

collegebatch.com

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***30*** *प्रश्न हैं ।* ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न–पत्र* ***पाँच*** *खण्डों में विभाजित है –* ***खण्ड क, ख, ग, घ*** *एवं* ***ङ*** *।*

*(iii)* ***खण्ड क*** *– प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***12*** *तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***1*** *अंक का है ।*

*(iv)* ***खण्ड ख*** *– प्रश्न संख्या* ***13*** *से* ***18*** *तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***2*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***50*** *से* ***60*** *शब्दों में लिखिए ।*

*(v)* ***खण्ड ग*** *– प्रश्न संख्या* ***19*** *से* ***23*** *तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***4*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***100*** *से* ***120*** *शब्दों में लिखिए ।*

*(vi)* ***खण्ड घ*** *– प्रश्न संख्या* ***24*** *से* ***26*** *अवतरण, कार्टून तथा मानचित्र–आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर यथानुसार लिखिए ।*

*(vii)* ***खण्ड ङ*** *– प्रश्न संख्या* ***27*** *से* ***30*** *तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***6*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***170*** *से* ***180*** *शब्दों में लिखिए ।*

*(viii)* *प्रश्न–पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । इन प्रश्नों में से केवल* ***एक*** *ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाए ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है । इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें ।*

## खण्ड क

*प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***12*** *तक बहुविकल्पीय प्रकार के* ***1*** *अंक के प्रश्न हैं ।* *12×1=12*

**1.** ‘आसियान शैली’ मेल-मिलाप का एक ऐसा तरीका है जो _______ ।

(A) औपचारिक है (B) टकरावपूर्ण है

(C) सहयोगात्मक है (D) भड़काऊ है

**2.** निम्नलिखित में से कौन-सा देश आसियान का एक संस्थापक सदस्य ***नहीं*** है ?

(A) सिंगापुर (B) थाईलैंड

(C) म्याँमार (D) इण्डोनेशिया

**3.** निम्नलिखित में से कौन-सा देश ‘दक्षिण एशिया’ में शामिल ***नहीं*** किया जाता है ?

(A) बांग्लादेश (B) चीन

(C) भूटान (D) मालदीव

collegebatch.com

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains **30** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *Question paper is divided into **five** sections – **Sections A, B, C, D** and **E**.*

*(iii)* ***Section A** – questions number **1** to **12** are Multiple Choice type questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* ***Section B** – questions number **13** to **18** are Short Answer type questions. Each question carries **2** marks. Write answer to each question in **50** to **60** words.*

*(v)* ***Section C** – questions number **19** to **23** are Long Answer type-I questions. Each question carries **4** marks. Write answer to each question in **100** to **120** words.*

*(vi)* ***Section D** – questions number **24** to **26** are Passage, Cartoon and Map-based questions. Answer each question accordingly.*

*(vii)* ***Section E** – questions number **27** to **30** are Long Answer type-II questions. Each question carries **6** marks. Write answer to each question in **170** to **180** words.*

*(viii)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only **one** of the choices in such questions has to be attempted.*

*(ix)* *In addition to this, note that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

## SECTION A

*Questions number **1** to **12** are Multiple Choice type questions, carrying **1** mark each.* *12×1=12*

**1.** The 'ASEAN Way' is a form of interaction that is ________.

(A) formal (B) confrontationist

(C) cooperative (D) provocative

**2.** Which one of the following countries is ***not*** a founder-member of ASEAN ?

(A) Singapore (B) Thailand

(C) Myanmar (D) Indonesia

**3.** Which one of the following countries is ***not*** included in 'South Asia' ?

(A) Bangladesh (B) China

(C) Bhutan (D) Maldives

collegebatch.com

**4.** पाकिस्तान के निम्नलिखित शासकों को उनके शासन काल के कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

(i) जनरल ज़िया-उल-हक

(ii) बेनज़ीर भुट्टो

(iii) जनरल मुशर्रफ

(iv) जुल्फ़िकार अली भुट्टो

सही विकल्प चुनिए :

(A) (iv), (i), (ii), (iii)

(B) (i), (iii), (ii), (iv)

(C) (iv), (iii), (ii), (i)

(D) (i), (ii), (iii), (iv)

**5.** निम्नलिखित में से कौन-सा सुरक्षा के लिए ख़तरे का नया स्रोत ***नहीं*** है ?

(A) आतंकवाद

(B) वायुयानों का अपहरण

(C) ड्रोन का प्रयोग

(D) युद्ध

*प्रश्न संख्या **6** के लिए, दो कथन दिए गए हैं — जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) द्वारा अंकित किया गया है । इन कथनों को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों (A), (B), (C) और (D) में से उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनिए ।*

**6.** *अभिकथन (A) :* गठबंधन में कई देश शामिल होते हैं जो सैन्य हमले को रोकने अथवा उससे रक्षा करने के लिए समवेत कदम उठाते हैं ।

*कारण (R) :* किसी अन्य देश अथवा गठबंधन की तुलना में अपनी प्रभावी शक्ति को बढ़ाने के लिए देश गठबंधन बनाते हैं ।

विकल्प :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है ।

(C) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है ।

(D) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है ।

collegebatch.com

4. Arrange the following rulers of Pakistan in the chronological order as per the period of their rule :

(i) General Zia-ul-Haq
(ii) Benazir Bhutto
(iii) General Musharraf
(iv) Zulfikar Ali Bhutto

Choose the correct option.

(A) (iv), (i), (ii), (iii)
(B) (i), (iii), (ii), (iv)
(C) (iv), (iii), (ii), (i)
(D) (i), (ii), (iii), (iv)

5. Which one of the following is ***not*** considered as a new source of threat to security ?

(A) Terrorism
(B) Hijacking of planes
(C) Use of drones
(D) War

*For Question number **6**, two statements are given — one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Read these statements carefully and choose the correct option as the answer from the options (A), (B), (C) and (D) given below.*

6. *Assertion (A) :* An alliance is a coalition of states that coordinate their actions to deter or defend against military attack.

*Reason (R) :* Countries form alliances to increase their effective power relative to another country or alliance.

Options :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).
(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).
(C) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.
(D) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

collegebatch.com

**7.** 1950 के दशक के दौरान भारत और अमेरिका के संबंधों में काफ़ी असहजता थी क्योंकि :

(A) भारत के सोवियत संघ के साथ संबंधों में सहभागिता बढ़ रही थी ।

(B) सोवियत संघ ने हंगरी पर आक्रमण कर दिया ।

(C) भारत नाटो (NATO) का एक सदस्य नहीं था ।

(D) भारत गुट निरपेक्ष आंदोलन (NAM) का संस्थापक सदस्य था ।

**8.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक जवाहरलाल नेहरू की विदेश नीति का प्रमुख लक्ष्य ***नहीं*** था ?

(A) कठिन संघर्ष से प्राप्त भारत की संप्रभुता को बचाए रखना ।

(B) भारत की क्षेत्रीय अखण्डता की रक्षा करना ।

(C) भारत को एक परमाणु शक्ति बनाना ।

(D) तीव्र आर्थिक विकास को बढ़ावा देना ।

**9.** लाल बहादुर शास्त्री से संबंधित, निम्नलिखित कथनों में से ***गलत*** कथन की पहचान कीजिए ।

(A) वर्ष 1966 तक उन्होंने काँग्रेस पार्टी के महासचिव के रूप में कार्य किया ।

(B) वे तीन वर्ष के अल्पकाल के लिए संघीय मंत्रिमंडल के सदस्य रहे ।

(C) एक रेल दुर्घटना का दायित्व अपने पर लेते हुए, उन्होंने संघीय मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया था ।

(D) 'जय जवान जय किसान' उनका प्रसिद्ध नारा था ।

**10.** भारत में चौथे आम चुनाव से पूर्व निम्नलिखित में से कौन-सी समस्याएँ थीं ?

(i) मानसून की असफलता

(ii) खाद्य संकट

(iii) अधिक वर्षा

(iv) विदेशी मुद्रा-भंडार में कमी

सही विकल्प चुनिए ।

(A) (i), (ii) (B) (iii), (iv)

(C) (i), (ii), (iv) (D) (ii), (iii), (iv)

collegebatch.com

**7.** There was considerable unease in Indo-US relations during the 1950s because :

(A) India had a growing partnership with the Soviet Union.

(B) The Soviet Union invaded Hungary.

(C) India was not a member of NATO.

(D) India was a founder member of NAM.

**8.** Which one of the following was ***not*** a major objective of Jawaharlal Nehru's foreign policy ?

(A) To preserve the hard-earned sovereignty of India.

(B) To protect the territorial integrity of India.

(C) To make India a nuclear power.

(D) To promote rapid economic development.

**9.** Identify the ***false*** statement from the following related to Lal Bahadur Shastri.

(A) He worked as the General Secretary of the Congress Party till 1966.

(B) He was in the Union Cabinet for a short period of three years.

(C) He resigned from the Union Cabinet taking responsibility for a Railway accident.

(D) He gave the famous slogan 'Jai Jawan Jai Kisan'.

**10.** Which of the following problems did India face before the $4^{th}$ general elections ?

(i) Failure of monsoon

(ii) Food crisis

(iii) Heavy rainfall

(iv) Depletion of foreign exchange reserves

Choose the correct option.

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | (i), (ii) | (B) | (iii), (iv) |
| (C) | (i), (ii), (iv) | (D) | (ii), (iii), (iv) |

collegebatch.com

**11.** भारत के निम्नलिखित प्रधानमंत्रियों को उनके कार्यकाल के आधार पर कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

(i) एच.डी. देवेगौड़ा

(ii) चन्द्र शेखर

(iii) पी.वी नरसिम्हा राव

(iv) वी.पी. सिंह

सही विकल्प चुनिए ।

(A) (i), (ii), (iv), (iii) (B) (iii), (iv), (ii), (i)

(C) (i), (ii), (iii), (iv) (D) (iv), (ii), (iii), (i)

**12.** सूची-I का सूची-II से सही मिलान कीजिए और सही विकल्प चुनिए :

| | *सूची-I* | | *सूची-II* |
|---|---|---|---|
| 1. | सत्रहवीं लोक सभा में स्पष्ट बहुमत | (i) | राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार |
| 2. | मंडल आयोग की सिफ़ारिशों को लागू करना | (ii) | संयुक्त मोर्चा की सरकार |
| 3. | प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा | (iii) | संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार |
| 4. | प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह | (iv) | राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन |

विकल्प :

(A) 1-(iv), 2-(i), 3-(ii), 4-(iii)

(B) 1-(i), 2-(ii), 3-(iii), 4-(iv)

(C) 1-(iv), 2-(iii), 3-(ii), 4-(i)

(D) 1-(i), 2-(iv), 3-(ii), 4-(iii)

## खण्ड ख

**13.** पाकिस्तान में स्थायी लोकतंत्र की स्थापना में असफलता के लिए उत्तरदायी किन्हीं दो कारकों की व्याख्या कीजिए । *2*

**14.** बांग्लादेश के संविधान की किन्हीं दो विशेषताओं को उजागर कीजिए । *2*

collegebatch.com

**11.** Arrange the following Prime Ministers of India in the chronological order as per their period of rule :

(i) H.D. Deve Gowda

(ii) Chandra Shekhar

(iii) P.V. Narsimha Rao

(iv) V.P. Singh

Choose the correct option.

(A) (i), (ii), (iv), (iii)

(B) (iii), (iv), (ii), (i)

(C) (i), (ii), (iii), (iv)

(D) (iv), (ii), (iii), (i)

**12.** Match List-I with the List-II and choose the correct option :

| | *List-I* | | *List-II* |
|---|---|---|---|
| 1. | Clear majority in the $17^{th}$ Lok Sabha | (i) | National Front Government |
| 2. | Implementation of the recommendations of the Mandal Commission | (ii) | United Front Government |
| 3. | Prime Minister H.D. Deve Gowda | (iii) | United Progressive Alliance Government |
| 4. | Prime Minister Manmohan Singh | (iv) | National Democratic Alliance |

Options :

(A) 1-(iv), 2-(i), 3-(ii), 4-(iii)

(B) 1-(i), 2-(ii), 3-(iii), 4-(iv)

(C) 1-(iv), 2-(iii), 3-(ii), 4-(i)

(D) 1-(i), 2-(iv), 3-(ii), 4-(iii)

## SECTION B

**13.** Explain any two factors that are responsible for Pakistan's failure in building a stable democracy. *2*

**14.** Highlight any two features of the Constitution of Bangladesh. *2*

collegebatch.com

**15.** संयुक्त राष्ट्र संघ जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के कोई दो लाभ लिखिए । *2*

**16.** द्वितीय पंचवर्षीय योजना का मुख्य योजनाकार कौन था ? द्वितीय पंचवर्षीय योजना में किस बात पर बल दिया गया ? *2*

**17.** राजनीति में 'दल-बदल' शब्द के अर्थ की व्याख्या कीजिए । *2*

**18.** भारतीय राजनीति में वर्ष 1989 से 2014 के कालखण्ड की तुलना में 2014 के बाद आए किन्हीं दो परिवर्तनों को स्पष्ट कीजिए । *2*

## खण्ड ग

**19.** (क) यूरोपीय संघ के आर्थिक महत्त्व का आकलन कीजिए । *4*

**अथवा**

(ख) अधिराष्ट्रीय संगठन के तौर पर यूरोपीय संघ की भूमिका का उदाहरणों की सहायता से विश्लेषण कीजिए । *4*

**20.** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के नए स्थायी एवं अस्थायी सदस्यों के लिए 1997 में प्रस्तावित किए गए किन्हीं चार मानदण्डों का वर्णन कीजिए । *4*

**21.** (क) मानवता की सुरक्षा का प्राथमिक लक्ष्य क्या है ? मानवता की सुरक्षा के संकीर्ण तथा व्यापक दृष्टिकोण में अंतर स्पष्ट कीजिए । *4*

**अथवा**

(ख) एशिया तथा अफ्रीका के नए स्वतंत्र देशों के समक्ष आईं सुरक्षा चुनौतियों की व्याख्या कीजिए । *4*

**22.** लोकतंत्र में राजनीति की महत्त्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए हमारे राष्ट्रीय नेताओं ने नव स्वतंत्र भारत के लिए किस मार्ग को अपनाया ? किन्हीं दो बिंदुओं को स्पष्ट कीजिए । *4*

**23.** भारत की विदेश नीति में जवाहरलाल नेहरू की भूमिका उजागर कीजिए । *4*

collegebatch.com

15. State any two advantages of international organisations like the UNO. *2*

16. Who was the main architect of the Second Five Year Plan ? What did the Second Five Year Plan stress upon ? *2*

17. Explain the meaning of the term 'defection' in politics. *2*

18. Explain any two changes that came in Indian politics after 2014 as compared to the period 1989 to 2014. *2*

## SECTION C

19. (a) Assess the economic importance of the European Union. *4*

**OR**

(b) Analyse the role of the European Union as a supranational organisation with the help of examples. *4*

20. Describe any four criteria proposed in 1997 for new permanent and non-permanent members of the UN Security Council. *4*

21. (a) What is the primary goal of human security ? Explain the difference between the narrow and broad concepts of human security. *4*

**OR**

(b) Explain the security challenges faced by the newly independent countries of Asia and Africa. *4*

22. Keeping in mind the crucial role of politics in a democracy, which route did our national leaders decide to take in the newly independent India ? Explain any two points. *4*

23. Highlight the role of Jawaharlal Nehru in the foreign policy of India. *4*

collegebatch.com

## खण्ड घ

**24.** निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

वैश्वीकरण एक बहुआयामी अवधारणा है । इसके अनेक आयाम हैं और उनके बीच ठीक-ठीक भेद किया जाना चाहिए । यह मान लेना ग़लत है कि वैश्वीकरण का केवल एक आयाम है । ठीक इसी तरह, यह मान लेना भी भूल होगी कि वैश्वीकरण एकदम सांस्कृतिक परिघटना है । वैश्वीकरण का प्रभाव बहुआयामी रहा है; यह कुछ समाजों को बाकियों की अपेक्षा अधिक प्रभावित करता है । ऐसे में ज़रूरी हो जाता है कि विशिष्ट संदर्भों पर पर्याप्त ध्यान दिए बिना, हम वैश्वीकरण के प्रभाव के बारे में सर्व-सामान्य निष्कर्ष निकालने से परहेज करें ।

(i) निम्नलिखित में से कौन-सा आयाम, वैश्वीकरण का आयाम ***नहीं*** है ?

(A) राजनीतिक (B) नैतिक

(C) सांस्कृतिक (D) आर्थिक

(ii) वैश्वीकरण से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही ***नहीं*** है ?

(A) प्रौद्योगिकीय तरक्की विचारों, पूँजी, वस्तुओं और लोगों के प्रवाह में पर्याप्त सहायक होती है ।

(B) वैश्वीकरण विभिन्न देशों की संस्कृतियों को प्रभावित करता है ।

(C) यह सम्पूर्ण विश्व को समान रूप से प्रभावित करता है ।

(D) जब बड़ी आर्थिक घटनाएँ घटित होती हैं, तो उनका प्रभाव वैश्विक स्तर पर महसूस किया जाता है ।

(iii) एक अवधारणा के रूप में वैश्वीकरण निम्नलिखित में से किस एक के साथ संबंधित ***नहीं*** है ?

(A) विचारों के प्रवाह से (B) पूँजी के प्रवाह से

(C) नदियों के प्रवाह से (D) लोगों के प्रवाह से

(iv) वैश्वीकरण का प्रभाव प्राय: कैसा होता है ?

(A) एकसमान (B) असमान

(C) भेदभावपूर्ण (D) क्षेत्रीय

collegebatch.com

## SECTION D

**24.** Read the following passage carefully and answer the questions that follow : *4×1=4*

Globalisation is a multi-dimensional concept. It has various manifestations, and these must be adequately distinguished. It is wrong to assume that globalisation has only one dimension, just as it would also be mistaken to assume that it is a purely cultural phenomenon. The impact of globalisation is multi-dimensional; it affects some societies more than others and it is important to avoid drawing general conclusions about the impact of globalisation without paying sufficient attention to specific contexts.

(i) Which one of the following is ***not*** a dimension of globalisation ?

(A) Political (B) Ethical

(C) Cultural (D) Economic

(ii) Which one of the following statements related to globalisation is ***not*** correct ?

(A) The technological advances do help a lot in the flow of ideas, capital, commodities and people.

(B) Globalisation affects the cultures of different countries.

(C) It affects all over the world equally.

(D) When major economic events take place, their impact is felt at the global level.

(iii) Globalisation as a concept does ***not*** deal with which one of the following ?

(A) Flow of ideas (B) Flow of capital

(C) Flow of rivers (D) Flow of people

(iv) The impact of globalisation is vastly __________.

(A) even (B) uneven

(C) discriminatory (D) regional

collegebatch.com

**25.** **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 15 पर), में चार राज्यों को Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ तथा Ⓓ के द्वारा अंकित किया गया है । नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन राज्यों की पहचान कीजिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में इनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम-संख्या तथा मानचित्र में दिया गया संबंधित अक्षर, नीचे दी गई तालिका के रूप में लिखिए : *4×1=4*

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम-संख्या | मानचित्र में दिया गया संबंधित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |

(i) वह राज्य जिससे पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह संबंधित थे ।

(ii) वह राज्य जिससे पूर्व उप-प्रधानमंत्री जगजीवन राम संबंधित थे ।

(iii) वह राज्य जहाँ नक्सलवादी सबसे अधिक सक्रिय थे ।

(iv) एक राज्य जहाँ से काँग्रेस पार्टी 1977 के लोक सभा चुनावों में एक भी सीट नहीं जीत पाई थी ।

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **25** के स्थान पर हैं :* *4×1=4*


(25.1) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ नक्सलवादी सबसे अधिक सक्रिय थे ।

(25.2) उस राज्य का नाम लिखिए जिससे पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का संबंध था ।

(25.3) एक राज्य का नाम लिखिए जहाँ से काँग्रेस पार्टी 1977 के लोक सभा चुनावों में केवल एक सीट जीत पाई थी ।

(25.4) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ मोरारजी देसाई ने 1974 – 75 में छात्र आन्दोलन का नेतृत्व किया था ।

प्रश्न सं. 25 के लिए


भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)
A
D
B
C
km
Scale 1:15000,000
km
100 50 0
100 200 300 400 500

collegebatch.com

**25.** In the given political outline map of **India** (on page 17), four States have been marked as Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ and Ⓓ. Identify these States on the basis of the information given below and write their correct names in your answer-book along with the respective serial number of the information used and the concerned alphabets given in the map as per the following format : *4×1=4*

| Serial number of the information used | Concerned alphabet given in the map | Name of the State |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |

(i) The State related to former Prime Minister Chaudhary Charan Singh.

(ii) The State to which former Deputy Prime Minister Jagjivan Ram belonged.

(iii) The State where the Naxalites were very active.

(iv) A State where the Congress party could not win even a single seat in the Lok Sabha elections in 1977.

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***25*** *:* *4×1=4*


(25.1) Name the State where the Naxalites were very active.

(25.2) Name the State to which former Prime Minister Chaudhary Charan Singh belonged.

(25.3) Name a State from where the Congress Party could win only one seat in the 1977 Lok Sabha elections.


(25.4) Name the State where Morarji Desai led the Students' Movement in 1974 – 75.

For question no. 25



collegebatch.com

**26.** दिया गया कार्टून गठबंधन की सरकारों के युग से संबंधित है । कार्टून का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*





(i) 'रथ यात्रा' का प्लेकार्ड थामे हुए नेता को पहचान कर उसका नाम लिखिए ।

(ii) किस राजनीतिक पार्टी ने 'रथ यात्रा' का आयोजन किया था ?

(iii) कार्टून में दिखाए गए किन्हीं दो प्रधानमंत्रियों को पहचान कर उनके नाम लिखिए जिन्होंने गठबंधन की सरकारों का नेतृत्व किया था ।

collegebatch.com

**26.** The given cartoon is related to the era of coalition governments. Study the cartoon and answer the questions that follow : *1+1+2=4*




(i) Identify and name the leader who is holding the placard 'Rath Yatra'.

(ii) Which political party organised the 'Rath Yatra' ?

(iii) Identify and name any two Prime Ministers shown in the cartoon who led the coalition governments.

collegebatch.com

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **26** के स्थान पर हैं :* *2+1+1=4*

(26.1) मण्डल आयोग की सिफ़ारिशों को लागू करने का फैसला किस गठबंधन सरकार ने किया था और क्यों ?

(26.2) भारत के पहले ग़ैर-काँग्रेसी प्रधानमंत्री का नाम लिखिए ।

(26.3) उस प्रधानमंत्री का नाम लिखिए जिन्होंने मई 1996 से जून 1996 तक गठबंधन की सरकार का नेतृत्व किया ।

**खण्ड ङ**

**27.** (क) "भारत और रूस के संबंधों का इतिहास आपसी विश्वास और साझे हितों का इतिहास है ।" किन्हीं तीन उपयुक्त तर्कों द्वारा कथन का समर्थन कीजिए । *6*

**अथवा**

(ख) सोवियत संघ के विघटन के बाद शॉक थेरेपी के किन्हीं तीन प्रभावों का विश्लेषण कीजिए । *6*

**28.** (क) वैश्विक राजनीति के किन्हीं तीन पर्यावरणीय सरोकारों की व्याख्या कीजिए जिनका समाधान किसी एक देश की सरकार अकेले दम पर नहीं कर सकती । *6*

**अथवा**

(ख) 'साझी परन्तु अलग-अलग ज़िम्मेदारियों' के सिद्धांत की व्याख्या कीजिए । *6*

**29.** (क) स्वतंत्रता के तुरंत पश्चात स्वतंत्र भारत के समक्ष आईं किन्हीं तीन प्रमुख चुनौतियों का वर्णन कीजिए । *6*

**अथवा**

(ख) 1947 में विभाजन के समय भारत के कई भागों में उत्पन्न साम्प्रदायिक हिंसा को कम करने के लिए, महात्मा गाँधी के योगदान का वर्णन कीजिए । *6*

collegebatch.com

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***26*** *:* *2+1+1=4*

(26.1) Which coalition government decided to implement the recommendations of the Mandal Commission and why ?

(26.2) Name the first Non-Congress Prime Minister of India.

(26.3) Name the Prime Minister who headed a coalition government from May 1996 to June 1996.

## SECTION E

**27.** (a) "India's relations with Russia are embedded in a history of trust and common interests." Support the statement with any three appropriate arguments. *6*

**OR**

(b) Analyse any three effects of shock therapy after the disintegration of the Soviet Union. *6*

**28.** (a) Explain any three environmental concerns in global politics which no single government can address. *6*

**OR**

(b) Explain the principle of 'common but differentiated responsibilities'. *6*

**29.** (a) Describe any three major challenges that independent India faced immediately after independence. *6*

**OR**

(b) Describe the role played by Mahatma Gandhi to reduce communal violence that erupted in many parts of India at the time of the partition in 1947. *6*

collegebatch.com

**30.** (क) 1979 से 1985 तक असम में बाहरी लोगों के विरुद्ध चले आन्दोलन के किन्हीं तीन कारणों का विश्लेषण कीजिए । *6*

**अथवा**

(ख) "क्षेत्रीय आकांक्षाएँ लोकतान्त्रिक राजनीति का अविभाज्य अंग हैं ।" कथन को न्यायसंगत ठहराइए । *6*

collegebatch.com

**30.** (a) Analyse any three reasons for the movement against outsiders in Assam from 1979 to 1985. *6*

**OR**

(b) "Regional aspirations are very much a part of democratic politics." Justify the statement. *6*